प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0
विशाल कॉम्पलेक्स,19–ए,विधान सभा मार्ग
लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद–बस्ती

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / 2019–20 / एस0एस0भ्रमण–बस्ती /9573 दिनांक-17-02-2020

विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 29.01.2020 से 31.01.2020 के अन्तर्गत भ्रमण किये गये इकाईयों / कार्यक्रमो के चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 29.01.2020 से 31.01.2020 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति / कार्ययोजना तैयार की जा सके।

संलग्नक– भ्रमण दल की हस्ताक्षरित रिर्पोट

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / 2019–20 / एस0एस0भ्रमण–बस्ती / तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. स्टाफ आफिसर,मिशन निदेशक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0 को सूचनार्थ।
2. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिला अधिकारी, बस्ती ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, बस्ती को स्वयं के स्तर सें आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0,लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0बस्ती ।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, बस्ती।

(डा0 अर्चना वर्मा)
महाप्रबन्धक–क्यू0ए0

Scanned by CamScanner

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0
विशाल कॉम्पलेक्स,19–ए,विधान सभा मार्ग
लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद–बस्ती

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/2019–20 /एस0एस0भ्रमण–बस्ती / दिनांक-17-02-2020

विषय– सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 29.01.2020 से 31.01.2020 के अन्तर्गत भ्रमण किये गये इकाईयों/कार्यक्रमो के चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 29.01.2020 से 31.01.2020 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया।

तत्क्रम में आपसे अनुरोध है कि टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार/कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए इंगित बिन्दुओं पर सम्बन्धित स्तर से समयबद्व निष्पादन कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम/सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चीकरण के सम्बन्ध में आगामी रणनीति/कार्ययोजना तैयार की जा सके।

संलग्नक– भ्रमण दल की हस्ताक्षरित रिर्पोट

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/2019–20 /एस0एस0भ्रमण–बस्ती/9573-6 तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. स्टाफ आफिसर,मिशन निदेशक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0 को सूचनार्थ।
2. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति/ जिला अधिकारी, बस्ती ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, बस्ती को स्वयं के स्तर सें आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सम्बन्धित महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0,लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0बस्ती ।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन0एच0एम0, बस्ती।

(डा0 अर्चना वर्मा)
महाप्रबन्धक–क्यू0ए0

Scanned by CamScanner

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

जनपद– बस्ती

दिनांक 29.1.2020 से 31.1.2020

भ्रमण दल के सदस्य–

1. नीलिमा पाठक, सलाहकार, वी0बी0डी0, स्टेट ब्लड सेल, एन0एच0एम0।
2. सुरेश कुमार मौर्य, प्रोग्राम असिस्टेन्ट, आर0आई0, एन0एच0एम0।

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0 प्र0 के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/19–20/18/28867–2 दिनांक 01.07.2019 द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा आवंटित जनपद बस्ती का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दिनांक **29.1.2020 से 31.1.2020** तक किया गया जिसकी बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है।

प्रथम दिवस–29.01.2020

दिनांक 29.01.2020 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रूदौली, उपकेन्द्र अरदा एवं वी0एच0एन0डी0 सत्र पैडी गांव का भ्रमण एवं डी0पी0एम0यू0 टीम के साथ बैठक।

द्वितीय दिवस–30.01.2020

दिनांक 30.01.2020 को जनपद बस्ती में आशा सम्मेलन में प्रतिभाग करना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानपुर का भ्रमण।

तृतीय दिवस–31.01.2020

दिनांक 31.01.2020 को नगरीय पी0एच0सी0 का भ्रमण, मण्डल स्तरीय परिवार कल्याण कार्यक्रम, उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह में प्रतिभाग करना, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,एन0एच0एम0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती के साथ अवलोकित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु चर्चा की गई।

भ्रमण में सहयोगी–

- जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,बस्ती।
- डी0सी0पी0एम0,बस्ती।
- सलाहकार,मातृ स्वास्थ्य,बस्ती।
- सलाहकार,परिवार कल्याण,बस्ती।
- बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 सामु0स्वा0केन्द्र रूधौली।
- स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी,रूधौली।
- चिकित्सा अधीक्षक, रूधौली ।
- चिकित्सा अधीक्षक, भानपुर।
- नगरीय कोआर्डिनेटर, एन0यू0एच0एम0,बस्ती।

Scanned by CamScanner

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–रूधौली,उपकेन्द्र अरदा एवं बी0एच0एन0डी0 पैडी गांव बस्ती, दिनांक 29.01.2020

अवलोकित गतिविधियां	प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव	कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा
• भ्रमण टीम अपराहन 2.30 पर जब सामु0स्वा0केन्द्र रूधौली पहुँची उस समय चिकित्सालय में डाक्टर ओ0पी0डी0 में मरीजों को देख रहे थे। • पर्चा काउन्टर पर सीरियल नम्बर 4189 चल रहा था तथा भ्रमण के समय तक कुल 210 मरीजों के पर्चे बन चुके थे। • पर्चा काउन्टर पर जे0एस0वाई0 लाभार्थियों के निःशुल्क पर्चे बनाने के सम्बन्ध में सूचना प्रदर्शित की गई थी।	• जे0एस0वाई0 लाभार्थियों के निःशुल्क पर्चा बनाने की सूचना का प्रदर्शन करने पर सामु0स्वा0केन्द्र के टीम की प्रशंसा की गई।	CHC Supt & Team
• दवा वितरण काउन्टर पर महिला एवं पुरूष दोनों को एक साथ ही दवा का वितरण किया जा रहा था अलग से कोई भी व्यवस्था नहीं होने के कारण लाभार्थियों को असुविधा हो रही थी।	• महिला एवं पुरूष की अलग–अनग लाइन लगवाकर दवा वितरण करने का सुझाव दिया गया।	CHC Supt & Team
• चिकित्सा इकाई एफ0आर0यू0 के रूप में चिन्हित है किन्तु वर्तमान में एफ0आर0यू0 के रूप में कियाशील नहीं है।	• चिकित्सा इकाई को मानकारूप सुदृणीकरण करते हुए सीघ्र ही एफ0आर0यू0 के रूप में कियाशील करने हेतु अवगत कराया गया।	ACMO NHM/CHC Suptt.
• नेत्र परीक्षण कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नेत्र परीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा चिकित्सा इकाई पर संदर्भित किये गये बच्चों की जाँच में 132 बच्चों में चश्में की आवश्यकता की पुष्टि हुई जिसके सापेक्ष परी 82 बच्चों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध करा दिया गया ळें 	• नेत्र परीक्षक द्वारा अभिलेखों का रख–रखाव सही प्रकार से करने पर उसकी प्रशंसा की गई तथा शेष चश्मों को सीघ्र ही जनपद से प्राप्त कर चयनित बच्चों को उपलब्ध कराने का निर्देश प्रदान किया गया।	CHC Supt, / RBSK Team & BPM
• पैथालॉजी में रीजेन्ट एवं किट के रख–रखाव हेतु रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था नहीं है मात्र एक इन्क्यूबेटर है जिसमें किट्स रखी गई थी।	• पैथॉलजी में किट्स के रख रखाव हेतु मानकाररूप रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था कराने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt. /BPM & LT

Scanned by CamScanner

अवलोकित गतिविधियां	प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव	कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा
• माह जनवरी 2020 में दो लाभार्थी /गर्भवती में अत्यधिक रक्त की कमी पायी गई है जिनका कोई भी फालोअप नहीं किया गया है।	• एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को एच0आर0पी0 की सूची में सम्मिलित करते हुए आगे के माहों में उनकी रक्त जाँच की सूचना से मिलान करते हुए हीमोग्लाबिन के स्तर में सुधार की समीक्षा करने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया।	MOIC & LT/LMO
• चिकित्सा इकाई रक्त संग्रहण इकाई (बी0एस0यू0) की स्थापना हेतु आच्छादित है। • यू0पी0एम0एस0सी0एल0 द्वारा चिकित्सा इकाई पर बी0एस0यू0 हेतु 01 आई0एल0आर0 एवं 01 टेबल टॉप सेन्ट्रीफ्यूज उपलब्ध कराया गया है। • चर्चा करने पर अधीक्षक द्वारा बवगत कराया गया कि बी0एस0यू0 हेतु कक्ष का चिन्हीकरण न होने के कारण अभी आई0एल0आर0 का इन्स्टालेसन नहीं कराया गया है तथा टेबल टॉप सेन्ट्रीफ्यूज भी पैथॉलजी में रख गया है। • बी0एस0यू0 हेतु स्वीकृत 02 एल0टी0 एवं 01 एल0ए0 का चयन भी अभी नहीं हुआ है।	• प्राथमिकता पर कक्ष का चिन्हीकरण करते हुए बी0एस0यू0 हेतु उपलब्ध उपकरण आई0एल0आर0 एवं टेबल टॉप सेन्ट्रीफ्यूज का इन्स्टालेसन कराते हुए बी0एस0यू0 की क्रियाशीलता हेतु लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया करने को अवगत कराया गया।	CHC Suptt. & BPM
वी0एच0एन0डी0 सत्र पैड़ी गांव • सत्र माइक्रोप्लान के अनुरूप किया जा रहा था। • सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 श्रीमती ललिता के साथ आशा श्रीमती सुनीता देवी तथा आंगनवाडी श्रीमती विघावती एवं आशा संगिनि श्रीमती पूनम तिवारी उपस्थिति थी। 		
• सत्र स्थल पर ए0एन0एम0 के पास सभी आवश्यक सामाग्री व वैक्सीन उपलब्ध पायी गई। • सत्र स्थल पर बैनर लगे पाए गए। • अभिलेखों का रख–रखाव सही पाया गया। • सत्रवार ड्यू लिस्ट रजिस्टर में बनाया गया था। ड्यू लिस्ट में कुल 30 लाभार्थियों का विवरण अंकित था।		
• ए0एन0एम0 को ए0वी0डी0 की नवीन दर के बारे में जानकारी नहीं थी।	• भ्रमण टीम द्वारा ए0एन0एम0 को ए0वी0डी0 की नवीन दरों से अवगत कराया गया।	

Scanned by CamScanner

अवलोकित गतिविधियां	प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव	कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा
• टीकाकरण सत्र पर आशा एवं आशा संगनी अपने यूनिफार्म में उपस्थित थी ।		
• आशा के वी0एच0आई0आर पंजिका का अवलोकन करने पर संज्ञान में आया कि आशा द्वारा वी0एच0आई0आर0 पंजिका में सही से सचनाओं का अंकन नहीं किया जा रहा है। पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की सूचना के अवलोकन पर ज्ञात हुआ कि न्यूनतम् 5 से 7 माह के गर्भधारण पर पंजीकरण किया जा रहा है। उक्त पर पूछने पर आशा एवं ए0एन0एम0 दोनो द्वारा बताया गया कि महिलाये गर्भधारण की जानकारी आशा को प्रदान नहीं करती और इस गांव में हर दूरसे माह पर सत्र का आयोजन होता है इस कारण से गर्भवती के पंजीकरण में देरी होती है।	• आशा को वी0एच0आई0आर0 में निर्धारित प्रारूप पर सही से सूचनाओं का अंकन करने हेतु अवगत कराया गया तथा आशा संगनी को अपने निर्धारित भ्रमण के समय तथा मासिक बैठक में आशाओं को वी0एच0आई0आर0 में सूचनाओं के सही से अंकन हेतु बार–बार जानकारी प्रदान करने एवं संबेदीकरण करने हेतु अवगत कराया गया। बी0सी0पी0एम0 द्वारा भी सामु0 केन्द्र पर आशाओं की मासिक बैठक में वी0एच0आई0आर0 में सूचनाओं के अंकन पर आशाओं को प्रशिति करने तथा पंजिका का अवलोकन करने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt./DCPM/BCPM
• ए0एन0एम0 द्वारा वैक्सीन पर दिनांक एवं समय का अंकन किया गया था।		
• समय से बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराने पर बच्चों के माता–पिता को पूर्ण प्रतिरक्षण का प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है।	• पूर्ण टीकाकरण पर बच्चे के अविभावक को पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु ए0एन9एम0 को अवगत करारया गया।	HEO/BPM/ANM
• सत्र स्थल पर बाल स्वास्थ्य पोषण माह से सम्बन्धित बैनर लगे पाए गए। जबकि बाल स्वास्थ्य पोषण माह दिनांक 18 जनवरी, 2020 को ही समाप्त हो गया।	• सत्र स्थल पर जो अभियान समाप्त हो गया है उससे सम्बल्न्धित बैनर/प्रचार सामाग्री लगा कर लाभार्थियों को भ्रमित न करने का सुझाव दिया गया।	HEO/BPM/ANM
• ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण पश्चात् लाभार्थियों को 4 मुख्य संदेश की जानकारी दी जा रही थी।	• ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण के पश्चात लाभार्थियों को 04 मुख्य संदेश दिये जाने पर टीम द्वारा ए0एन0एम0 की प्रशंसा की गई।	
उपकेन्द्र अरदा		
• भ्रमण दल अपराहन 3.35 पर जब उपकेन्द्र अरदा पहुचा उस समय उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 उपस्थित थी। • उपकेन्द्र अरदा द्वारा लगभग 12000 की जनसंख्या आच्छादित की जाती है।		

Scanned by CamScanner

अवलोकित गतिविधियां	प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव	कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा
• उपकेन्द्र सामान्य प्रसव हेतु चिन्हित है तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 में भ्रमण के समय तक कुल 83 सामान्य प्रसव हुए हैं जिनका विवरण प्रसव पंजिका में अंकित पाया गया। • उपकेन्द्र का भवन काफी पुरानी व जर्जर अवस्था में पाया गया। भवन में जगह–जगह दीवारों एवं छतों में सीलन पाया गया।	• उपकेन्द्र के मरम्मत तथा दीवारों पर लगी सीलन के समाधान हेतु ए0एन0एम0 तथा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया।	HEO/BPM & ANM
• उपकेंन्द्र के प्रसव कक्ष मे लेबर टेबल साफ एवं मैटनकास व कैलीसपैड लगा पाया गया। • कैलिसपैड में हवा भरी थी तथा कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।	• लेबल टेबल के सही से रख–रखाव तथा साफ–सफाई हेतु ए0एन0एम0 की प्रशंसा की गई।	
• प्रसव कक्ष में बिजली की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। कक्ष में लगा ब्लब खराब था ।	• प्रसव में लगे खराब बल्ब को तत्काल हटाकर नया बल्ब/सी0सफ0सल0 लगाने हेतु अवगत कराया गया।	ANM
• प्रसव कक्ष में रनिंग वाटर की व्यवस्था व पंखे नहीं थे । नल भी कक्ष से दूर खुले में लगा है।	• प्रसव कक्ष में उपकेन्द्र अनटाइड से पंखा तथा सर्दी हेतु रूम हीटर की व्यवस्था हेतु अवगत कराया गया।	HEO/BPM & ANM
• प्रसव कक्ष में स्टेलाइजर में जंग पड़े औजार पाए गए। 	• स्टेलाइजर में रखे जंग लगे उपकरण को तत्काल हटाने तथा सामु0स्वा0केन्द्र स्टोर को मांग पत्र प्रेषित कर नये उपकरण लेने हेतु अवगत कराया गया।	BPM & ANM
• उपकेन्द्र की पुताई जल्दी ही कराया गया था जिससे कि आई0ई0सी0/ दीवार लेखन नहीं लगे पाए गए।	• उपकेन्द्र की बाहरी दीवार पर टीकाकरण का रोस्टर/उपकेन्द्र से सम्बन्धित सूचनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु दीवार लेखन कराने हेतु अवगत कराया गया। • ए0एन0एम0 द्वारा उपकेन्द्र पर निवास करने तथा 24X7	HEO/BPM/ANM

Scanned by CamScanner

अवलोकित गतिविधियां	प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव	कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा
• उपकेन्द्र पर ए0एन0एम0 द्वारा निवास किया जाता है तथा 24X7 की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है। • उपकेन्द्र पर लक्ष्य दम्पति से सम्बन्धित पंजिका नही पायी गई।	स्वास्थ्य सुविधायें प्रदत्त कराने हेतु ए0एन0एम0 की प्रशंसा की गई। • उपकेन्द्र पर राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य दम्पति पंजिका की व्यवस्था करानें हेतु डी0पी0एम0. को अवगत कराया गया।	ACMO,NHM/DPM/CHC Suptt

सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र–भानपुर, बस्ती, दिनांक–30.01.2020

अवलोकित गतिविधियां	प्रदान किया गया सहयोगात्मक कार्यवाही एवं सुझाव	कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी एवं निर्धारित समय सीमा
• भ्रमण टीम अपराहन 2.00 पर जब सामु0स्वा0केन्द्र भानपुर पहुँची उस समय चिकित्सालय में डाक्टर ओ0पी0डी0 में मरीजों को देख रहे थे। • पर्चा काउन्टर पर सीरियल नम्बर 3526 चल रहा था तथा भ्रमण के समय तक कुल 125 मरीजों के पर्चे बन चुके थे। • पर्चा काउन्टर पर कहीं पर भी जे0एस0वाई0 लाभार्थियों के निःशुल्क पर्चे बनाने के सम्बन्ध में सूचना प्रदर्शित नहीं की गई थी।	• पर्चा काउन्टर पर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पर्चा तथा अन्य सुविधाओं हेतु दीवार लेखन हेतु अवगत कराया गया।	MOIC & Team
• चिकित्सा इकाई में कुल 3 मेडिकल ऑफिसर कार्यरत हैं। परन्तु इकाई में महिला चिकित्सक कार्यरत नहीं है। • चिकित्सा इकाई में कुल 5 ए0एन0एम0 (3 एन0एच0एम0 + 2 regular) 170 आशा, 7 आशा संगिनी एवं 7 कोल्ड चेन प्वाइंट हैं। • चिकित्सा इकाई के अन्तर्गत कुल 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 22 उपकेन्द्र हैं।		
• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ का एस0बी0ए0 का प्रशिक्षण नहीं हुआ है।	प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स के एस0बी0ए0 प्रशिक्षण की आवश्यकता का मांगपत्र बनाकर राज्य स्तर पर सूचना प्रेषण हेतु अवगत कराया गया।	ACMO ,NHM/DPM & Con.MH
• चिकित्सा इकाई पर माह जुलाई 2019 से टेलीमेडिसन केन्द्र कियाशील है तथा भ्रमण दिनांक तक कुल 318 लाभार्थियों को स्वास्थ्य परामर्श की सेवा प्रदान की गई है। • उक्त केन्द्र पर दो कर्मी श्री महेन्द्र कुमार टेक्नीशियन एवं सुश्री0 संगीता,ए0एन0एम0 कार्यरत है।		

Scanned by CamScanner

• दिनांक 30.1.2020 को सुबह से भ्रमण के समय तक मात्र 02 मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श की सेवा प्रदान की गई है। उक्त पर पूछने पर कर्मियों द्वारा अवगत कराया गया कि चिकित्सा इकाई पर विद्युत आपूर्ति नियमित न होने के कारण आन लाइन सेवा उपलब्ध कराने में असुविधा होती है ,ऐयी स्थिति में आने वाले मरीजों को वापस जाना पडता है।	• टेलीमेडिसिन केन्द्र पर एक इन्वर्टर लगाने का सुझाव दिया गया जिससे कि विद्युत आपूर्ति न होने की दशा में इन्वर्टर से सिस्टम कियाशील रहे और आने वाले मरीजों को अनवरत सेवा प्रदान की जा सके।	MOIC & Team
• चिकित्सा इकाई पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत माह जनवरी 2020 में 02 नसबंदी कैम्प आयोजित किए गए। इस दौरान कुल 37 नसबन्दी किए गए एवं मोटीवेटर का इन्सेन्टिव का भुगतान भी कर दिया गया है।		
• चिकित्स इकाई के अन्तर्गत एक्स–रे टेक्नीशियन कार्यरत है, परन्तु एक्स–रे मशीन नहीं है।		
• गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउण्ड की जांच के लिए एस0आर0एल डायग्नोस्टिक पर भेजा जाता है। चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस समय एस0आर0एल0 से अनुबन्ध समाप्त हो गया है। अनुबन्ध हेतु प्रकिया चल रही हैं।	• शीघ्र ही अनुवंध की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु अवगत कराया गया ।	CMO/ACMO,NHM/DPM
• चिकित्सा इकाई का भवन काफी पुरानी अवस्था में है। जगह–जगह पानी के सीलन पाए गए। • चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई की व्यवस्था भी असंतोषजनक पायी गई।	• चिकित्सा इकाई पर नियमित साफ–सफाई हेतु अवगत कराया गया तथा दीवारो पर आ रही सीलन के निराकरण हेतु छत से पानी के रिसाव का पता लगाकर नियमित मद/रोगी कल्याण समिति से Renovsation कराने हेतु अवगत कराया गया।	ACMO,NHM/DPM/CHC SUptt/BPM
प्रसव कक्ष– • प्रसव कक्ष में 02 लेबर टेबल थी जिनके बीच गोपनीयता हेतु हैवी पर्दे लगे थे।	• लेबर टेबल के मध्य मानकारूप निर्धारित परदे लगाने का सुझाव दिया गया।	CHC Suptt./BPM & Con.MH
• लेबर टेबल पर मेटनकास पडा था, कैलिस पैड भी लगे पाए गए। • प्रसव कक्ष में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।	• लेबर टेबल की सुव्यवस्था तथा प्रसव कक्ष की साफ–सफाई पर स्टाफ नर्स की प्रशंसा की गई।	

Scanned by CamScanner

• प्रसव कक्ष में नवजात शिशुओं हेतु रेडियेन्ट वार्मर कार्य नहीं कर रहा था स्टाफ नर्स से पूछने पर बताया गया कि एक दिन पहले की खराब हुआ है।	• रेडियन्ट वार्मर को सही कराने हेतु प्राथमिकता पर सायरेक्स के टोलफ्री नम्बर पर काल कर शिकायत दर्ज कराने तथा फालोअप कर समयबद्व सही कराने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt. & SN
• प्रसव कक्ष में मानकारूप 07 ट्रे उपस्थिति थी तथा सभी ट्रे पर नाम का अंकन था। ट्रे के अन्दर काटन गंदे थे तथा दवाइयां भी बिखरी अवस्था में थी।	• मेडिसिन ट्रे में रखे गंदे काटन को बदलने एवं रखी गई दवादयों की लेबनिंग करने हेतु स्टाफ नर्स को अवगत कराया गया।	Con.MH & SN
• चिकित्सा इकाई पर वित्तीय वर्ष 2019–20 में माह अप्रैल 2019 से माह जनवरी, 2020 तक कुल 1913 सामान्य प्रसव हुए गए। माह 21 जनवरी 2020 से भ्रमण दिनांक तक माह में कुल 26 प्रसव हुए है। प्रसव पंजिका / प्रसव कक्ष में मासिक एवं कमिक प्रसव की सूचना का अंकन नही है ।	• मासिक एवं कमकि प्रगति सूचना का सारांश बनाने तथा उसका प्रदर्शन करने हेतु अवगत कराया गया ।	BPM & SN
• स्टाफ नर्स के कक्ष में फ्रिज में लाभार्थियों को देने हेतु दूध, ब्रेड रखे पाए गए। उसके साथ ही Inj. Oxitoxin भी रखे पाए गए।	• प्रसूताओं को जे0एस0एस0के0 डाइट के अन्तर्गत दूध, ब्रेड एवं केला दिया जा रहा है जो कि फ्रिज में स्टोर किया जाता है। फ्रिज में स्टोर ठंडा एवं पुराना खाद्य पदार्थ देना उचित नहीं है और जो कि लाभार्थी के इस्तेमाल में भी नहीं है । प्रयास किया जाय कि लाभार्थी को ताजा एवं पौष्टिक भोजन/खाद्य पदार्थ प्रदान किया जाय जो कि लाभार्थी के प्रयोग में आ सके।	ACMO,NHM/DPM, Con.MH/CHC Suptt./BPM
• प्रसव कक्ष के पास ही प्रसूताओं हेतु 02 बेड का पी0एन0सी0 वार्ड बना है । वार्ड में खिडकियों पर पर्दे नहीं लगे है।	• पी0एच0सी0 वार्ड की खिडकियों पर पर्दा लगाने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt & BPM

Scanned by CamScanner

• चिकित्सा इकाई पर लाभार्थियों का पार्टोग्राफ भरा जा रहा है। • प्रसव पंजिका मानकारूप भरी जा रही है।	• लाभार्थियों का पार्टोग्राफ भरने पर स्टाफ नर्स की प्रशंसा की गई।	
• प्रसव पंजिका एवं डाइट पंजिका का अवलोकन करने पर संज्ञान में आया कि प्रसव के उपरान्त 10 से 24 घंटे के अन्दर ही लाभार्थी अपने घर को वापस चली जा रही है।	• प्रसूताओं को केन्द्र पर अधिक से अधिक समय तक /प्रदत्त निर्देशानुसार रूकने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु अवगत कराया गया जिससे मां एवं बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल की जा सके।	CHC Suptt./BPM & SN
• जे0एस0वाई0 वार्ड में कुल 06 बेड लगे है। सभी बेड पर साफ चादरे डली थी। • वार्ड में कोई भी लाभार्थी उपस्थिति नहीं थी। • वार्ड में टी0वी0 लगी है। • वार्ड में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। • • वार्ड में खिडकियों पर पर्दे नहीं लगे थे। • चिकित्सा इकाई में जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत आदर्श स्वयं सहायता समूह के द्वारा लाभार्थियों को भोजन (जे0एस0एस0के0 डाइट) उपलब्ध कराया जाता है।	• पी0एन0सी0 वार्ड में खिडकियों पर पर्दे लगाने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt. & BPM
• जे0ई0/ए0ई0एस0 वार्ड का भ्रमण किया गया। वार्ड में कुल 6 बेड पाए गए एवं दो बेड पर मच्छरदानी भी लगे पाए गए। वार्ड की खिड़कियों के जाली टूटी हुई पाई गई तथा पर्दे गंदी अवस्था में पाई गई।	• जे0ई0/ए0ई0एस0 वार्ड में खिडकियों की टूटी जाली को सही कराने एवं गंदे पर्दो को साफ करने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt.& BPM
• जे0ई0/ए0ई0एस0 वार्ड में रखे फ्रिज में फ्रिजर में बड़ी मात्रा में रखी गई वैक्सीन पाई गई।	• जे0ई0/ए0ई0एस0 वार्ड के फ्रिज को आवश्यकतानुसार औषधि भंडार में स्थापित कर मानकारूप दवाइयों को रखा जाय एवं समय समय पर दवाइयों को निकालकर उनकी जाँच भी की जाय जिससे दवाइया खराब न होने पायें।	CHC Suptt/ Pharmacist

Scanned by CamScanner

 • जे0एस0वाई0 वार्ड में कुल 6 बेड पाए गए। वार्ड में दो खिड़कियों में पर्दे लगे नहीं पाए गए।	• वार्ड की खिडकियों पर पर्दा लगाने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt & BPM
• चिकित्सा इकाई के औषधि भंडार का भ्रमण किया गया। • फार्मासिस्ट भ्रमण के समय कक्ष में उपस्थिति पाये गयें। • औषधि भंडार में साफ–सफाई का अभाव था तथा दवाइया भी फीफों के अनुसार नही लगी थी। • स्टाक बुक में दवाइयों का अंकन किया गया है। • इकाई के दवा स्टोर का निरीक्षण किया गया। दवाएं एफ0ई0एफ0ओ0 के अनुसार नहीं लगाई जा रही थी।	• स्टोर रूम में सही प्रकार से दवाइयों का रख–रखाव तथा सफाई कराने का निर्देश्सा प्रदान किया गया। • FIFO के अनुसार दवाइयों के उपयोग हेतु भी जानकारी प्रइदान की गई।	Pharmacist Pharmacist
• स्टाक बुक का अवलोन करने पर संज्ञान में आया कि आयरन सुक्रोज की 1000 वायल चिकित्सा इकाई पर उपलब्ध है लेकित उनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। पूछने पर बताया गया कि बैच नम्बर AAG-092 की आयरन सुकरोज की सप्लाई में कुठ परेशानी आने के कारण जनपद स्तर से इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है तथा नई सप्लाई भी नहीं की गई है । अतः वर्तमान में एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। • GDM कार्यक्रम के अन्तर्गत इन्सुलिन का स्टाक भी भारी मात्रा में पाए गए। 	• जिला स्तर पर वार्ता कर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती हेतु आयरन सुक्रोज की वैकल्पिक व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया	CHC Suptt/BPM
• जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत आदर्श स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है। आदर्श स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रस्तुत बिल में रू0 100/– की दर से भोजन के भुगतान हेतु मांग प्रस्तुत की गई है एवं भुगतान किया जा रहा है जबकि प्रसूताओं को सिफ एक	• प्रसव उपरान्त चिकित्सालय में प्रसूता के रूकने व जे0एस0एस0के0 के	

Scanned by CamScanner

बार दूध का पैकेट,एक छोटा ब्रेड का पैकेट एवं 02 केला ही दिया जा रहा है ।	अन्तर्गत प्रति डाइट के भुगतान में विरोधाभास है। 10 से 24 घंटे रूकने पर प्रति लाभार्थी मात्र दूध का पैकेट ,ब्रेड एवं 02 केला हेतु 100 रू0 प्रति डाइट का भुगतान किया जा रहा है जो कि संदेहास्पद है। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को कार्यक्रम की समीक्षा जनपद स्तर पर करते हुए जे0एस0एस0के0 भोजन की गुणवत्ता तथा मानकारूप भुगतान हेतु सुझाव दिया गया।	ACMO,NHM/DAM/CHC Suptt./BAM
• आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम एवं सर्पोटिब सुपरविजन में लगी गाडियों का भुगतान बिना लाग बुक में मीटर रीडिंग भरे ही किया जा रहा है।	• आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम एवं सर्पोटिब सुपरविजन में लगी गाडियों की लाग बुक में प्रत्येक भ्रमण की Starting और Closing Meter Reading अवश्य भरी जाय तथा प्रत्येक विजिट सम्बन्धित कर्मी द्वारा लाग बुक में सत्यापित किये जाने हेतु अवगत कराया गया ।	ACMO,NHM/Nodal RBSK/CHC Suptt /BPM
• रोगी कल्याण समिति से सम्बन्धित बैठक रजिस्टर अवलोकन हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया । इस मद में अधिकांश व्यय साफ–सफाई एवं रंगाई–पुताई पर किया गया है। • लैब में जांच की सूची लगी नहीं पाई गई। • चिकित्सा इकाई में कण्डोम बाक्स लगे नहीं पाए गए।	• ओ0पी0डी0 क्षेत्र में कण्डोम बाक्स लगाने का सुझाव दिया गया।	CHC Suptt & BPM
• चिकित्सा इकाई पर उपस्थित आर0बी0एस0के टीम का निरीक्षण किया		

Scanned by CamScanner

गया। • आर0बी0एस0के0 टीम क्षेत्र भ्रमण से चिकित्सा इकाई पर वापस आ गई थी। • केन्द्र पर दो टीमें है तथा प्रत्येक टीम में 01 चिकित्सा अधिकारी एवं 03 अन्य पैरामेकिडकल स्टाफ है। • भ्रमण दिनांक को दोनों टीमों द्वारा आंगनवाडी केन्द्र भैसिया खुर्द का भ्रमण किया गया था। पंजीकृत 50 बच्चों के सापेक्ष स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मात्र 19 बच्चे ही हुए। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में लगभग सभी आंगनवाडी केन्द्र पर यही समस्या आती है कि पंजीकृत अधिक बच्चे होते है और स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बहुत ही कम बच्चे उपस्थित होते है। जबकी उक्त हेतु आंगनवाडी कार्यकत्री,क्षेत्रीय सुपरवाइजर एवं आशा को भ्रमण की पूर्व कार्ययोजना उपलब्ध करा दी जाती है एवं भ्रमण से पूर्व सम्पर्क स्थापित कर भी अवगत कराया जाता है।	• आंगनवाडी केन्द्र पर भमण के समय कम बच्चों की उपस्थित की स्थिति में टीम को अपने सामने पुनः कार्यकत्री को गृह सम्पर्क कर बच्चों को बुलाने तथा आवश्यकतानुसार स्वयं भी घरो पर जाकर बच्चों के अविभावकों को स्वास्थ्य परीक्षण के दिन बच्चों को आगनवाडी केन्द्र पर भेजने हेतु परामर्श प्रदान करने का सुझाव दिया गया तथा जिला कार्यकम प्रबन्धक को जनपद स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में ब्लाक वार आंगनवाडी केन्द्र पर आर0बी0एस0के0 टीम के भ्रमण की सूचना की केन्द्रवार समीक्षा कराने तथा उक्त हेतु जिला कार्यकम अधिकारी,आई0सी0डी0 एस0 को संवेदीकृत करने हेतु सुझाव दिया गया।	RBSK Team & DPM
• दोनों टीमों में पास स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मानकारूप सभी सामाग्री उपलब्ध पायी गई।		
• टीम के मूबमेन्ट पंजिका का अवलोकन किया गया पंजिका में प्रतिदिन की भ्रमण सूचना अंकित है किन्तु पंजिका में सही प्रकार से Format नहीं बनाया गया है।	• मूबमेन्ट पंजिका में व्यवस्थित रूप से कालम तैयार कर Day By Day की विजिट अंकित करने का सुझाव दिया गया।	BPM & RBSK team
कोल्ड चेन कक्ष • चिकित्सा इकाई के अन्तर्गत कोल्ड कक्ष का निरीक्षण किया गया। ○ 1 आई0एल0आर0 एवं 3 डीप फ्रिजर थे और सभी क्रियाशील अवस्था में पाये गये। ○ डीप फ्रिजर के साथ स्टेबलाइजर लगे नहीं पाए गए।	• आई0एल0आर0 एवं डीप फ्रीजर के साथ स्ब्बिलाइजर प्राथमिकता पर लगाने का सुझाव दिया गया।	CHC Suptt & Cold Chain Handler/BCCM

Scanned by CamScanner

○ आईस पैक ब्रिक्स अवस्था में नहीं रखे पाए गए।	• सभी डीप फ्रीजर में आइस पैक ब्रिक्स अवस्था में ही लगाने के निर्देश प्रदान किये गये।	Clod Chain Handler/BCCM
○ लाग बुक में पावर बैकअप के रिकार्ड सही से नहीं भरे जा रहे थे।	• पावर बैकअप लाग बुक नियमतः भरने का सुझाव दिया गया।	Clod Chain Handler/BCCM
○ कक्ष में अग्नि शामक यंत्र नहीं लगे पाए गए। ○ कक्ष में काफी पुरानी आई0ई0सी0 पाई गई।	• तत्काल कक्ष में अग्नि शामक यंत्र लगाने का सुझाव दिया गया।	CHC Suptt./Clod Cha Handler & BCCM
○ कक्ष के खिड़कियों में पर्दे लग नहीं पाए गए। 	• कक्ष में नई एवं स्पष्ट / पठनीय आई0ई0सी0 लगाने का सुझाव दिया गया।	Clod Chain Handler/BCCM
<u>नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरिया, बस्ती</u> • भ्रमण टीम द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वा0केन्द्र नरहरिया का भ्रमण किया गया।		
• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरिया पर मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति नहीं है। • केन्द्र में ओ0पी0डी0 का समय प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक है। भ्रमण के समय कुल अप्रैल 2019 से जनवरी, 2020 तक कुल 10088 ओ0पी0डी0 पंजिका में पाई गई। माह जनवरी में कुल 649	• चिकित्सा इकाई पर चिकित्सा अधीक्षक की नियुक्ति हेतु राज्य स्तर पर सूचित करने हेतु अवगत कराया गया।	ACMO,Urban/ Urba Coordinator

Scanned by CamScanner

ओ0पी0डी0 पंजिका में दर्ज पाई गई। • फार्मासिस्ट द्वारा ही ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा है।		
• केन्द्र पर हर बुधवार एवं शनिवार का टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाता है परन्तु टीकाकरण रजिस्टर नहीं बनाया गया था	• टीकाकरण से सम्बन्धित अभिलेख बनाने हेतु ए0एन0एम0 को अवगत कराया गया जिससे कि टीकाकरण की प्रगति आख्या / कार्ययोजना तैयार की जा सके।	Urban Coordinator & Concern SN & ANM
• चिकित्सा इकाई प्रसव केन्द्र के रूप में चिन्हित है किन्तु केन्द्र पर सुरक्षित प्रसव से सम्बन्धित व्यवस्थायें मानकारूप नही है। भ्रमण के समय पाया गया कि केन्द्र Last Delivery जुलाई 2019 में कराया गया है। • एक कक्ष में ही स्टाफ नर्स बैठती हैं, वही पर गर्भवती महिलाओं की जाँच करती है , परामर्श सेवायें प्रदान करती है तथा उसी कक्ष में एक तरफ लेबर टेबल लगाकर प्रसव कराया जाता है। • लेबर टेबल पर कैलिसपैड नहीं था, न ही कक्ष में रनिंग वाटर की व्यवस्था है, नवजात शिशु देखभाल हेतु कार्नर भी नहीं है और न ही कक्ष में गोपनीयता आदि की सुविधायें है। 	• मानकारूप प्रसव कक्ष स्थापित कराने के उपरान्त ही प्रसव सेवा प्रारम्भ करने हेतु सुझाव दिया गया जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके व गुणवत्तापूर्ण सेवायें प्रदान की जाय।	ACMO,Urban & Urba Coordinator
• केन्द्र पर पहुचने हेतु बाहर कही साइन बोर्ड भी नहीं लगे पाए गए।	• सुगमतापूर्वक चिकित्सा इकाई पर पहुँचने हेतु बाहर साइन बोर्ड लगाने हेतु अवगत कराया गया।	Urban Coordinator
• नगरीय प्राथ0स्वा0 केन्द्र नरहरिया पर 01 फार्मासिस्ट, 01 एल0टी0, 01 स्टाफ नर्स, 02 सपोर्ट स्टॉफ 2 तथा 25 आशा कार्यकत्री कार्यरत है।		

Scanned by CamScanner

• केन्द्र पर एल0टी0द्वारा पैथालाजी में हीमोग्लोबिन, यूरिन ग्लूकोज, यूरिन प्रोटीन, यूरिन प्रेगनेन्सी टेस्ट, एच0आई0बी0, एच0बी0एस0ए0जी0, मलेरिया एवं ब्लड ग्रुप आदि की जाँच की जा रही है किन्तु केन्द्र पर जांच की सूची नहीं प्रदर्शित की गई है।	• चिकित्सा इकाई पर पैथाँलाजी में होने वाली जाँचे तथा उनके शुल्क/निःशुल्क के विषय में स्पष्ट प्रदर्शन वाल पेंन्टिंग/फ्लैक्स लगवाले हेतु अवगत कराया गया।	Urban Coordinator & Concern LT
• चिकित्सा इकाई पर कार्यरत कर्मियों तथा सिटिजन चार्टर की सूचना का प्रदर्शन नहीं था।	• चिकित्सा इकाई पर कार्यरत कर्मियों का विवरण तथा सिटिजन चार्टर लगाने हेतु अरबन कोआर्डिनेटर को अवगत कराया गया।	Urban Coordinator
• चिकित्सा इकाई पर उपलब्ध दवाइयों की सूची का भी प्रदर्शन नहीं किया गया था। • चिकित्सा इकाई पर टीकाकरण कार्यक्रम व अन्य आई0सी0 का भी प्रदर्शन हीं था।	• चिकित्सा इकाई पर उपलब्ध दवाइयों का विवरण तथा टीकाकरण चार्ट लगाने हेतु फार्मासिस्ट एवं अरबन कोआर्डिनेटर को अवगत कराया गया।	Urban Coordinator & Pharmacist

अभियुक्ति–

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एन0एच0एम0 कों विगत माह के भ्रमण दिनांक 29.9.19 से 31.9.2019 की अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया।
- अपर मु0चि0अधि0 एन0एच0एम0, की अध्यक्षता में डी0पी0एम0यू0 के अधिकारी/कर्मचारी , के साथ भ्रमण किये गये केन्द्रों तथा कार्यक्रमों से सम्बन्धित गतिविधिवार सुधारात्मक बिन्दुओं पर की गई चर्चा तथा लिये गये निर्णय को इकाई स्तर पर कृयान्वित कराना।
- पी0एन0सी0 वार्ड में साफ –सफाई तथा गोपनीयता की व्यवस्था हो।
- एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को एच0आर0पी0 की सूची में सम्मिलित करते हुए आगे के माहों में उनकी रक्त जाँच की सूचना से मिलान करते हुए हीमोग्लाबिन के स्तर में सुधार की समीक्षा करने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया तथा एच0आर0पी0 केस का फॉलोअप तथा नियमित जाँच रिकार्ड का रख–रखाव सुनिश्चित कराया जाने हेतु जानकारी प्रदान की गई।

Scanned by CamScanner

- टीकाकरण सत्र पर दिशा–निर्देशानुसार आवश्यक उपकरण व लाजिस्टिक की व्यवस्था हो।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन तथा भोजन की गुणवत्ता की नियमित जाँच की जाय तथा सुनिश्चित किया जाय कि वार्ड में एडमिट लाभार्थी को मानकानुरूप भोजन व नाश्ता मिलें तथा भुगतान किये जा रहे बिल वाउचर का भी सत्यापन कराया जाय तथा सुनिश्चित किया जाय कि सभी इकाई पर प्रदत्त निर्देशानुसार भोजन की व्यवस्था की जाय न कि मात्र दूध व ब्रेड।
- प्रसव कक्ष व पी0एन0सी0 वार्ड में चिकित्सा अधीक्षक व महिला चिकित्सा द्वारा नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं तथा साफ–सफाई की व्यवस्था की जाँच की जाय ।
- प्राथमिकता पर कक्ष का चिन्हीकरण करते हुए बी0एस0यू0 हेतु उपलब्ध उपकरण आई0एल0आर0 एवं टेबल टॉप सेन्ट्रीफ्यूज का इन्स्टालेसन कराते हुए बी0एस0यू0 की कियाशीलता हेतु लाइसेंस प्राप्त करने की प्रकिया करने को अवगत कराया गया।

(सुरेश कुमार मौर्य)
प्रोग्राम असिस्टेन्ट, आर0आई0

(नीलिमा पाठक)
सलाहकार, ब्लड सेल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned by CamScanner